राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, राजीव गांधी भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017
दूरभाष: 0141–2715548, E-mail: mis.nsqf.raj@gmail.com

क्रमांक: रास्कूशिप/जय/व्या.शि./कौशल विकास सामग्री/2024–25/ RajKaj Ref 12321981 दिनांक: 10 /12/2024

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समस्त जिलें।

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक,
समस्त जिलें।

विषयः–कौशल विकास सामग्री का विद्यार्थियों को वितरण बाबत्।
सन्दर्भः–परिषद द्वारा जारी कौशल विकास सामग्री वितरण दिशा–निर्देश दिनांक 09.11.2024.

उपरोक्त विषय एवं सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि व्यावसायिक शिक्षा योजनान्तर्गत व्यावसायिक शिक्षा में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को कौशल विकास सामग्री का वितरण दिनांक 12.12.2024 को किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सामग्री वितरण हेतु दिशा–निर्देश निम्नानुसार है:–

1. जिला स्तर पर आयोजित मुख्य समारोह में सामग्री का वितरण जिला मुख्यालय के व्यावसायिक शिक्षा विद्यालयों पर समसा कार्यालय के माध्यम से होगा।
2. ब्लॉक/नगरीय निकाय स्तर पर सामग्री का वितरण ब्लॉक मुख्यालय के व्यावसायिक शिक्षा विद्यालयों पर ब्लॉक कार्यालय के माध्यम से होगा।
3. बिन्दु 1 व 2 के अतिरिक्त शेष सामग्री का वितरण विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।
4. राजस्थान बोर्ड के 10 वीं एवं 12 वीं के व्यावसायिक शिक्षा में नियमित अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को 07 सेक्टर हेतु वितरण किया जाना है। कक्षा 11 के नियमित व्यावसायिक शिक्षा विद्यार्थियों को लाभान्वित करने एवं प्रशिक्षण हेतु शेष सामग्री का वितरण विद्यालयों को किया जाना हैं।
5. वितरित किटो की स्टॉक एंट्री विद्यालय स्तर पर की जाकर सम्पूर्ण रिकार्ड का संधारण प्रत्येक स्तर पर किया जाना है।
6. इन कार्यक्रमों में सांसद, विधायक, पंचायत समिति प्रधान, नगरीय निकाय अध्यक्ष, ग्राम पंचायत सरपंच तथा अन्य जन प्रतिनिधियों को पूर्व में सूचित कर आमंत्रित किया जाए।
7. कौशल विकास सामग्री वितरण कार्यक्रम के फ़ोटो, शॉर्ट प्रभावी वीडियो बनाकर राज्य स्तर पर प्रेषित किया जाना है।
8. उपरोक्त कौशल विकास सामग्री का वितरण जिला कलेक्टर के निर्देशन में किया जाना है।
9. उक्तानुसार जिला स्तर पर सामग्री का वितरण जिस दिवस को किया जाए उसी दिवस को ब्लॉक एवं विद्यालय स्तर पर भी सामग्री का वितरण किया जाना सुनिश्चत करें।

(अविचल चतुर्वेदी)
राज्य परियोजना निदेशक
एवं आयुक्त

EDUCATION NEWS GROUP
आदर्श शिक्षक राजस्थान
EDU. NEWS GROUP
EGURUKULRAJASTHAN
एजुकेशन न्यूज़ ग्रुप

RajKaj Ref
12321981

Signature valid
Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.12.10 08:00:40 IST

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, राजीव गांधी भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2715548, E-mail: mis.nsqf.raj@gmail.com

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

01. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, रा.स्कू.शि.प., जयपुर।
02. निजी सहायक, जिला कलेक्टर, समस्त जिलें।
03. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक–II, रा.स्कू.शि.प., जयपुर।
04. उपायुक्त–पंचम, रा.स्कू.शि.प., जयपुर को देकर लेख है कि कौशल वितरण सामग्री की प्रभावी मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करावें।
05. रक्षित पत्रावली।

RajKaj Ref
12321981

Signature valid

Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.12.10 08:00:40 IST